nt>

Title: Need to develop Surat railway station in Gujarat as a model railway station.

श्री काशीराम राणा (सूरत) : उपाध्यक्ष महोदय, सूरत रेलवे स्टेशन पश्चिम रेलवे में सबसे ज्यादा राजस्व एकत्र करने वाला रेलवे स्टेशन है। इस रेलवे स्टेशन को माडल स्टेशन किये जाने की स्वीकृति दे दी गयी थी परन्तु माडल स्टेशन बनाने के लिए अभी तक कोई भी कार्य नहीं किया गया है। सूरत एक औद्योगिक क्षेत्र है जहां पर पूरे भारत के विभिन्न हिस्सों से लाखों मजदूर आकर अपने परिवार की जीविका चलाते हैं। वे इसी रेलवे स्टेशन से अपने प्रदेशों को आते-जाते हैं परन्तु इस रेलवे स्टेशन पर भीड़-भाड़ ज्यादा होने पर भी पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। सूरत रेलवे स्टेशन का उपयोग व्यापारी वर्ग, उद्योगपति वर्ग एवं मजदूर वर्ग सभी कर रहे हैं। परन्तु सुविधाओं के अभाव में रेल यात्री नाराज रहते हैं।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सूरत रेलवे स्टेशन को तत्काल माडल स्टेशन बनाने के लिए कार्य शुरू किया जाये।